पर है। दिनांक 01.04.2022 को गैर–निगराकार संख्या 02 की ओर से उनके अधिवक्ता हाजिर आये एवं अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली है। ग्राम पंचायत सांखली के पत्रांक/ग्रा.पं./निगरानी/ 2024–25/10 दिनांक 18.05.2024 से मूल अभिलेख प्राप्त हुआ है जो कि पत्रावली के हम किता होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में दिनांक 18.12.2025 को अधिवक्ता गैर–निगराकार अनुपस्थित रहे। प्रकरण लम्बे से वास्ते बहस नियत होने से प्रकरण को गुणावगुण पर निर्णित करने हेतु रखा गया एवं हाजिर गैर–निगराकारन द्वारा की गई बहस पत्रावली को सुना गया।

निगराकार ने अपने निगरानी मेमों में अवगत कराया गया है कि विवादित भूखण्ड जिसका पट्टा विपक्षी संख्या 01 को दिनांक 22.11.2017 को संकल्प संख्या 02 की अनुपालना में दिनांक 05.08.2019 को तत्कालीन सरपंच द्वारा गैर निगराकार संख्या 01 को 20 बाई 65 कुलिया क्षेत्रफल 1300 वर्गफीट का राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 158 के अन्तर्गत राशि 2600/– रूपये से पट्टा जारी किया। उक्त पट्टा गैर–निगराकार संख्या 01 के पक्ष में गैर–निगराकार संख्या 02 ने पंचायती राज के बने नियमों एवं अधिनियमों की अनदेखी कर तत्कालीन सरपंच ने अपने हितेशी व्यक्तियों एवं पारिवारिक सदस्य एवं समाज के होने से पट्टा जारी किया। गैर–निगराकार संख्या 01 को जिन पडौसों के मध्य की सम्पत्ति का पट्टा जारी किया वह पडौस नये जारी पट्टे के अनुसार है। जिसमें एक पट्टे से दूसरे पट्टे के अनुसार पडौस अंकित कर रखे है। जिसमें उक्त विधि विपरित रूप से जारी पट्टा किस स्थान का किस गांव का किस आराजी का है। इस संबंध में गैर निगराकार संख्या 02 ने पट्टे पर कई उल्लेख नहीं किया।

जहां गैर–निगराकार पटटे के अनुसार भूमि बता रहा एवं भूमि मुझ निगराकार की पुश्तैनी सम्पति होकर पीढ़ी–दर पीढी 100 वर्ष से अधिक समय से उपयोग उपभोग कर रहा है। एवं गैर निगराकार को ग्राम पंचायत सांखली गैर–निगराकार संख्या 02 ने दिनांक 22.11.2017 को संकल्प संख्या 02 की अनुपालना में दिनांक 05.08.2019 को पट्टा संख्या 105 मिसल संख्या 043 के अनुसार बिना विधिक प्रक्रिया अपनाये पंचायती राज नियमों की अवहेलना करते हुऐ नियम 158 के तहत पट्टा जारी किया। नियम 158 में प्रावधान है कि कोई गरीब व्यक्ति या भूमिहीन व्यक्ति अथवा गाडिया लौहार एवं कमजोर वर्ग के व्यक्ति को ही ग्राम पंचायत आवंटन कर सकती है। लेकिन गैर–निगराकार संख्या 01 के पास मकान बने होकर 01 बाडा मवेशी बाधने का है। इस प्रकार गैर निगराकार संख्या 01 उक्त नियम 158 में पात्रता नही रखता है। फिर भी गैर–निगराकार संख्या 02 ने गैर–निगराकार संख्या 01 के पक्ष मे विधि एवं नियमों की अवहेलना कर पटटा जारी किया जो निरस्त योग्य है।

गैर–निगराकार संख्या 02 ने गैर–निगराकार संख्या 01 के पक्ष में नियमों की अनदेखी कर पट्टा जारी किया। उक्त पटटा के उपरी भाग पर दिनांक 22.11.2017 को पटटा जारी होना लिखा हुआ होकर संकल्प संख्या 02 की अनुपालना दिनांक 05.08.2019 को की गई। इस प्रकार पट्टा मिसल कायम नहीं होने

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

के पूर्व ही गैर–निगराकार संख्या 02 ने गैर निगराकार संख्या 01 के पक्ष में जारी किया जो नियमो की अनदेखी कर जारी किया जो निरस्त योग्य है। गैर–निगराकार संख्या 01 एवं गैर–निगराकार संख्या 02 ने मिलीभगत कर मात्र दिखावटी हेतु निगराकार की कब्जे एवं पुश्तैनी सम्पति पर उक्त पट्टे के आधार पर कब्जा करने की नियत से गैर–निगरकार संख्या 01 ने यह बनावटी एवं दिखावटी पट्टा गैर–निगराकार संख्या 02 से बनाया है। गैर–निगरकार संख्या 02 ने नियमो एवं मौके की स्थिति को नहीं देख कर मात्र ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठे–बैठे ही पूरी कार्यवाही कर मात्र निगराकार को परेशान करने की नियत से नियमों के विपरित पट्टे जारी किये जो निरस्त योग्य है। अंत में प्रार्थना की गई कि निगराकारान की निगरानी स्वीकार फरमाई जाकर गैर–निगराकार संख्या 01 को जारी पट्टा दिनांक निरस्त फरमाया जावें।

विद्वान अधिवक्ता गैर–निगराकार संख्या 01 ने अपनी बहस पत्रावली में जवाब निगरानी में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायती राज के बने नियमों एवं अधिनियमों के अनुसार ही पट्टा जारी किया गया है। पारिवारिक सदस्य एवं समाज के होने से पट्टे जारी नहीं किये गये। प्रार्थी व विपक्षी भी एक ही समाज के है। पट्टा जारी करने से पूर्व पत्रावली तैयार की जाती है। उक्त पत्रावली में पट्टा किस स्थान, किस गांव का है इस संबंध में पूर्ण जानकारी होती है। पट्टे वाली भूमि प्रार्थी की पुश्तैनी सम्पत्ति ना होकर पंचायत की आबादी भूमि है एवं पंचायत द्वारा पात्र व्यक्ति को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर भूमि दी जाती है जो नियमानुसार दी गई है। निगराकार में निगरानी में गलत तथ्य अंकित कर गलत निगरानी पेश की जो कि सव्यय खारीज किये जाने योग्य है। विपक्षी संख्या 01 पट्टे अनुसार काबिज होकर उपयोग उपभोग करता चला आ रहा है। ग्राम पंचायत ने नियमों की पूर्ण पालना की गई है। अंत में प्रार्थना की गई कि जवाब पेश है जिसे स्वीकार किया जाकर निगरानी खारीज फरमाई जावें।

इस पर विद्वान अधिवक्ता गैर–निगरकार संख्या 02 ने अपनी बहस में निवेदन किया अधीनस्थ ग्राम पंचायत सांखली द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों एवंि राजस्थान पंचायतीराज नियम, 1996 के तहत नियमानुसार कार्यवाही संपादित की गई है। ग्राम पंचायत सांखली द्वारा निगराधीन पट्टे के संबंध में नियमों के परिपेक्ष्य में कार्यवाही संपादित की जाकर पट्टा जारी किया गया है, उक्त पट्टा जारी किये जाने की कार्यवाही में अधीनस्थ ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार से कोई विधिक एवं प्रक्रियात्मक त्रुटि कारित नहीं की गई है। इसके साथ ही विद्वान अधिवक्ता गैर–निगराकार संख्या 02 द्वारा प्रकरण का गुणावगुण पर निर्णय पारित किये जाने की ईश्तदुआ के साथ अपनी बहस समाप्त की। हमने पत्रावली का बागौर आद्योपांत अवलोकन किया। अधीनस्थ न्यायालय से प्राप्त अभिलेख का परिशीलन किया। तथ्यों का मनन किया। पत्रावली वास्ते निर्णय रिजर्व की गई।

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। हमने पत्रावली का आद्यौपांत अवलोकन किया। प्रकरण में तथ्यों का गहनता पूर्वक अवलोकन किया। हमने विधि का अवलोकन किया पंचायतीराज

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

एवं यह तथ्य ठोस दस्तावेजी साक्ष्य का मोहताज है। केवल मात्र अभिवचनों से इस तथ्य को प्रमाणित नहीं माना जा सकता है। राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के अध्याय 9 में आबादी भूमि के संबंध में नियमों में भूखण्डे के पट्टा जारी किये जाने के संबंध में प्रक्रियात्मक प्रावधान किये गये है, जो कि बाध्यकारी है। हस्तगत निगराधीन पट्टा कमजोर वर्गो को आवंटित किया गया है। ग्राम पंचायत गांव आबादियों में 150 वर्ग गज की की आबादी भूमि अनुसूचित जातियों, स्वच्छकारों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडा वर्गो के सदस्यों को, गांव कारगारों, श्रम मजदूरी पर आधारित भूमिहीन व्यक्तियों का आवंटित कर सकती है। इस संबंध में अधीनस्थ ग्राम पंचायत के अभिलेख पर उपलब्ध नियम 147 के तहत गठित समिति की रिपोर्ट की अनुशंषा के आधार पर ही पट्टा जारी किया जाना प्रतिवेदित होता है, ऐसी स्थिति में निगराकार कोई ठोस आधार पत्रावली पर प्रस्तुत करने में पूर्णतया असफल रहे है।

उपर्युक्त विवेचन एवं विश्लेषण के आधार पर निगराकार द्वारा निगरानी के माध्यम से ग्राम पंचायत सांखली पंचायत समिति राशमी द्वारा जारी पट्टा पट्टा संख्या 105 बुक संख्या 003 दिनांक 05.08.2019 के संबंध में निगराकार अपनी निगरानी न्यायालय के समक्ष प्रमाणित कराये जाने में पूर्णतया असफल रहे हैं, जिससे निगराकार द्वारा प्रस्तुत निगरानी बलहीन होकर एवं सारहीन एवं बलहीन होने से खारीज की जाती है। अधीनस्थ ग्राम पंचायत सांखली का अभिलेख मय निर्णय की प्रमाणित प्रति के मार्फत विकास अधिकारी राशमी के भिजवाया जावे। पत्रावली की गणना निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही के अभिलेखागार भिजवाई जावे।

यह निर्णय खुले न्यायालय में आज दिनांक **18.12.2025** को लिखाया जाकर सुनाया गया।

**(प्रभा गौतम)**
अतिरिक्त कलक्टर,
(प्रशासन) चित्तौड़गढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official